**X/20/Hin (N)**

**2 0 2 0**

# HINDI

( INDIAN LANGUAGE )

( New Course )

**( FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 24

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

**( FOR ALL CATEGORIES OF CANDIDATES )**

*General Instructions* :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Very short answer-type questions weightage of one (1) mark each requires answer in one word, one proverb or one sentence.

(iv) Short answer-type questions weightage of two (2) marks each requires answer under *50* words.

(v) Long answer-type—1 questions weightage of five (5) marks each requires answer under *100* words.

(vi) Long answer-type—2 questions weightage of seven (7) and eight (8) marks each requires answer under *150* words.

## खण्ड–क

### (गद्य–भाग)

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए : 1×4=4

(क) शिकारी के भय से मूर्ख शुतुरमुर्ग रेत में क्या छिपा लेता है?

*(i)* सिर

*(ii)* गरदन

*(iii)* शरीर

*(iv)* पैर

(ख) लेखक के पिता रामेश्वरम पंचायत बोर्ड के किस पद पर चयनित हुए?

*(i)* मेयर

*(ii)* प्रधान

*(iii)* अध्यक्ष

*(iv)* सचिव

(ग) बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था?

*(i)* सुलतान

*(ii)* पवन

*(iii)* चेतक

*(iv)* इनमें से कोई नहीं

(घ) तिरुवल्लुवर के पिता भगवन किस जाति के थे?

*(i)* वैश्य

*(ii)* ब्राह्मण

*(iii)* शूद्र

*(iv)* क्षत्रीय

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (*50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) तोता द्वारा पूछे गए प्रश्न का मैना ने क्या उत्तर दिया?

(ख) लेखक के अनुसार कोई राष्ट्र महान कैसे बनता है?

(ग) बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या अनुरोध किया?

(घ) कवि संत का नाम 'तिरुवल्लुवर' क्यों पड़ा?

(ङ) लेखक ने स्पर्शमणि या पारस पत्थर किसे कहा है और क्यों?

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''कोई भी राष्ट्र अपने नागरिकों के सोचने-समझने के तौर-तरीकों से महान बनता है। खासकर भारत की युवापीढ़ी के सामने तो महान उद्देश्य होना ही चाहिए। छोटे-मोटे लक्ष्यों में अपने आप को सीमित कर लेना गुनाह है।''

(ख) ''अगर किसी लक्ष्य तक पहुँचने का पक्का इरादा कर लिया जाए, तो चाहे वह कितना भी असंभव क्यों न हो, इनसान उसे हासिल कर ही लेता है।''

**4.** 'शहीद बकरी' शीर्षक कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

**अथवा**

'नीलकंठ' शीर्षक कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए।

## खण्ड–ख

### (पद्य–भाग)

**5.** कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(सकल, खींचा-तानी, गगन, जगत्)

(क) धरा एक है _____ एक है।

(ख) एक _____ के सब प्राणी।

(ग) एक _____ सृष्टि का स्रष्टा,

(घ) फिर कैसी _____।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) अपनी मातृभूमि के लिए कवि क्या कुछ करना चाहता है?

(ख) एक विश्व की कल्पना साकार होने से क्या लाभ है?

(ग) धन पाकर अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए?

(घ) बालक कृष्ण माता यशोदा से क्या शिकायत करते हैं?

(ङ) होली पास आने पर इन जंगलों में क्या परिवर्तन आ जाता है?

**7.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''यह माटी, जो रामायण की सीता,
यह माटी, जो महाभारत की गीता।
यह माटी, जो वेद-उपनिषद गाती,
यह माटी, जो देव-शीश चढ़ जाती।''

(ख) ''सत्ता-लोलुप बना आदमी,
किया धरा का बँटवारा।
कागज पर रेखाएँ खींचीं,
किया विश्व न्यारा-न्यारा।''

**8.** 'बाल-लीला' **अथवा** 'उद्यमी नर' शीर्षक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

## खण्ड-ग
### (संचयन)

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×4=8

(क) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ख) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(ग) स्काउट परेड करते समय लेखक अपने को महत्त्वपूर्ण 'आदमी' फौजी ज़वान क्यों समझने लगता था?

(घ) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थी?

(ङ) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

**10.** मिथिलेश्वर **अथवा** गुरदयाल सिंह जी की जीवनी एवं उनकी साहित्यिक कृतियों के बारे में (लगभग *150* शब्दों में) लिखिए। 7

## खण्ड-घ
### (व्याकरण एवं रचना)

**11.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** तद्भव शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए : 1×5=5

*(i)* चाँद

*(ii)* बादल

*(iii)* तिनका

*(iv)* पत्ता

*(v)* घोड़ा

*(vi)* सिर

*(vii)* नाई

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के अनेक शब्दों के बदले एक-एक शब्द लिखिए : 1×4=4

*(i)* जहाँ जाना कठिन हो

*(ii)* जिसे जाना न गया हो

*(iii)* मनुष्यता के विपरीत व्यवहार

*(iv)* ईश्वर को मानने वाला

*(v)* जल में रहने वाले प्राणी

*(vi)* दिन में होने वाला कार्य

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×4=4

*(i)* आ बैल मुझे मार

*(ii)* जैसी तेरी करनी, वैसी मेरी भरनी

*(iii)* एक हाथ से ताली नहीं बजती

*(iv)* होनहार बिरवान के होत चीकने पात

*(v)* कोयले की दलाली में मुँह काला

*(vi)* बंदर क्या जाने अदरख का स्वाद

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** को परिभाषित कीजिए : 1×4=4

*(i)* विसर्ग संधि

*(ii)* क्रिया-विशेषण

*(iii)* शब्दालंकार

*(iv)* पदबंध

*(v)* समास

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) भाग्य और पुरुषार्थ

(ख) साक्षरता–अभियान

(ग) पर्यावरण–प्रदूषण समस्या

(घ) दीपावली

## [ For Candidates Without Internal Assessment ]

( *Marks* : 20 )

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'हरिहर काका' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ख) हरिहर काका के कितने संतान थे?

(ग) फसल उगने पर सबसे पहले भेंट कहाँ चढ़ाया जाता था?

(घ) ठाकुर बारी के नाम कितने बीघे जमीन?

(ङ) गर्मी के दिन बच्चे कहाँ नहाते थे?

(च) 'रेल–बम्बा' किसका नाम था?

(छ) पीटी सर किससे मीठी–मीठी बातें करते थे?

(ज) पीटी सर का पूरा नाम क्या था?

(झ) इफ़्फ़न की दादी के पिता क्या थे?

(ञ) टोपी का पूरा नाम क्या था?

(ट) टोपी के पिता किस नाम से जाने जाते थे?

(ठ) इफ़्फ़न के पिताजी क्या थे?

**14.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) चरवाहे ने कहाँ बकरियाँ चराना बंद कर दिया?

(ख) भेड़िये के मुँह किसका खून लग चुका था?

(ग) बाबा भारती कहाँ रहते थे?

(घ) 'हार की जीत' कहानी में डाकू का नाम क्या था?

(ङ) प्रतिक्षण बाबा भारती को किसका भय लगा रहता था?

(च) धोखे और छल-प्रपंच से मिली जीत कैसी होती है?

(छ) तमिल भाषा में 'तिरु' शब्द का अर्थ क्या होता है?

(ज) तमिल भाषा के अनुसार 'कुरल' का अर्थ क्या होता है?

(झ) तिरुवल्लुवर की माँ किस जाति की थी?

(ञ) तिरुवल्लुवर के माता-पिता ने किस बात का व्रत ले रखा था?

(ट) विदेशी अतिथि ने 'परफैक्ट जेंटिलमैन' की उपाधि किसे दे डाली?

(ठ) गाछ के पत्ते किससे आहार ग्रहण करते हैं?

★★★